दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

# संभाग पोस्ट
साप्ताहिक

RNI: MPHIN/2015/60688

जिलों से संभाग तक का सच

email:sambhagpost@gmail.com

वर्ष-8 | अंक-23 | प्रति मंगलवार, इंदौर, 29 अक्टूबर 2024 से 04 नवंबर 2024 | मूल्य- 2 रु. | पृष्ठ- 8

भय से भारत अभय हो,
फिर विजय से विश्व।
विनयकर निर्भय जय हो,
जय हो भारत भूमि जय हो।।

# सीएम डॉ. यादव बोले- हम प्रकृति के रक्षक, वसुधा को बचाने सभी नागरिक अपना दायित्व निभाएं



■ **भोपाल । संभाग पोस्ट**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में 'जलवायु परिवर्तन के लिए वैश्विक प्रयासः भारत की प्रतिबद्धता में राज्यों का योगदान' पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम पर्यावरण की रक्षा और प्रकृति की पूजा के लिए पूरे विश्व में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें वसुधा को बचाना है तो पर्यावरण का ध्यान रखना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रकृति के रक्षक है। वसुधा की रक्षा हमारा कर्तव्य है और इस दिशा में मध्य प्रदेश भी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण के प्रति संकल्प की प्रशंसा करते हुए सीएम ने कहा कि वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य न केवल भारत के लिए, बल्कि वैश्विक पर्यावरण की रक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश द्वारा नर्मदा नदी और अन्य जल संसाधनों की स्वच्छता और संरक्षण की दिशा में उठाए गए कदमों की भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में भारत की पारंपरिक जीवनशैली को पर्यावरण अनुकूल बताते हुए कहा कि देश के नागरिकों को अपनी जीवनशैली में पर्यावरण के प्रति अधिक सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी जीवन पद्धति में प्रकृति और परमात्मा से जुड़ने का गहरा दृष्टिकोण है, जो आज के दौर में और भी महत्वपूर्ण हो गया है। संगोष्ठी में नार्वे के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय विकास और पर्यावरण मंत्री एरिक सोलहेम ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश को एक सुंदर और हेरिटेज संपन्न राज्य बताया, जिसका पर्यावरण संरक्षण में योगदान वैश्विक रूप से महत्वपूर्ण होगा। कार्यक्रम का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान (एप्पा) और मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा किया गया, जिसमें 200 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण विशेषज्ञों, शासकीय अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

तापमान 2.5 डिग्री बढ़ने की संभावना

कार्यक्रम को पैरवी संस्था के संचालक अजय झा ने कहा कि सदी के अंत तक तापमान 2.5 डिग्री तक बढ़ने की संभावना है। विज्ञान भारती, केरल के डॉ. विवेकानंद पई ने कहा कि भारत में कार्बन उत्सर्जन 1.8 टन प्रति व्यक्ति है, जो विश्व की औसत प्रति व्यक्ति से 4.5 टन से कम है। सिकोईडीकोन की सचिव मंजूबाला जोशी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की विभीषका को रोकने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी आरएस प्रसाद ने कहा कि क्लाइमेट जस्टिस जरूरी है।

**Short News**

## इंदौर की सीमा में दो साल पहले 79 गांव शामिल लेकिन लैंडयूज तय नहीं, नक्शों पर भी लगी रोक

■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**

वर्ष 2008 में बनी इंदौर विकास योजना (मास्टर प्लान) तीन साल पहले समाप्त हो चुकी है। अब तक नया मास्टर प्लान नहीं बना, लेकिन बेतरतीब विकास रोकने के लिए नगर तथा ग्राम निवेश ने 79 गांवों को निवेश क्षेत्र में शामिल करने की अधिसूचना जारी कर दी, लेकिन वहां के लैंडयूज तय नहीं है। अब उन 79 गांवों का विकास ठप है। वहां न तो कॉलोनियां विकसित हो रही हैं और न ही किसान अपनी जमीन बेच पा रहे हैं। यह मुद्दा नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के सामने भी ग्रामीण उठा चुके हैं। अब विभाग जांच के बाद कुछ प्रोजेक्टों को हरी झंडी देने की तैयारी कर रहा है। 79 गांवों में यशवंत सागर के आसपास के गांव भी शामिल हैं। तालाब के आसपास का क्षेत्र नए मास्टर प्लान में ग्रीन बेल्ट में आ सकता है। इसके अलावा अन्य गांवों में भी बड़े तालाब है। अभी लैंडयूज भी तय होना बाकी है। इस कारण विभाग भी अनुमतियां देने में पसोपेश में है। पहले पंचायत स्तर पर जो अनुमतियां दी गई थीं। उस पर भी विभाग ने रोक लगा दी थी। सांसद शंकर लालवानी का कहना है कि पहले नया मास्टर प्लान वर्ष 2035 के हिसाब से तैयार हो रहा था, लेकिन अब वर्ष 2041 के हिसाब से बनेगा। जल्दी ही इंदौर का मास्टर प्लान आ जाएगा। जिन गांवों में परेशानी आ रही है। उसका भी रास्ता निकाला जाएगा। 79 गांवों को जोड़ने के बाद इंदौर के निवेश क्षेत्र का दायरा 88 हजार हेक्टेयर हो जाएगा। पहले यह 50 हजार हेक्टेयर था। निवेश क्षेत्र में पंचायत के बजाए नगर तथा ग्राम निवेश निर्माण की मंजूरी देता है और लैंडयूज के हिसाब से अनुमति मिलती है। इंदौर के निवेश क्षेत्र में खजुरिया, कांकरिया, टोड़ी, श्रीराम तलावली, रंगवासा, पिगडंबर, राऊ, माचल, असरावद खुर्द, उमरीखेड़ा, तिल्लौर खुर्द, मुंडला दोस्तदार, सोनवाय सहित अन्य गांव शामिल हैं। कई गांवों में बड़ी बड़ी कॉलोनियां विकसित हो चुकी हैं।

# साढ़े तीन सौ करोड़ की लागत से बना इंदौर का ईएसआईसी अस्पताल होगा शुरू

■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**



इंदौर में ईएसआईसी के सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल की सौगात इंदौर संभाग के लाखों कर्मचारियों को मिलने जा रही है। मंगलवार को अस्पताल का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव वर्चुअली करेंगे। साढ़े तीन सौ करोड़ की लागत से अस्पताल बनकर तैयार हो चुका है। सोमवार को अलग अलग विभागों ने ओपीडी शुरू कर दी।

### 500 बिस्तर के अस्पताल में आधुनिक मशीनें

नंदानगर स्थित परिसर में तीन साल पहले अस्पताल की बिल्डिंग का निर्माण शुरू हुआ था। कोविडकाल के कारण काम थोड़ा धीमा रहा, लेकिन तीन माह पहले बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई थी। अस्पताल में मशीनों व उपकरणों को लगाने का काम चल रहा था। पहले 30 साल पुरानी बिल्डिंग में अस्पताल संचालित होता था, लेकिन कई तरह की जांचे व आपरेशन की सुविधा वहां नहीं थी। मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किया जाता था,लेकिन अब इस अस्पताल में ही सुविधाएं मिल जाएगी। इंदौर के अलावा पीथमपुर की कई कंपनियां ईएसआईसी अस्पताल से जुड़ी है। उनके श्रमिकों को एक ही अस्पताल में सुविधाएं मिल जाएगी।

### छह लाख वर्गफीट में बनी नई बिल्डिंग

अस्पताल की नई बिल्डिंग छह लाख वर्गफीट में बनी है। छह मंजिला बिल्डिंग में दो आपरेशन थिएटर 10 से ज्यादा ओपीडी के अलावा मरीजों के लिए खाना बनाने की सुविधा और परिजनों के रहने की सुविधा भी रहेगी। मंगलवार को होने वाले लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लेने सोमवार को सांसद शंकर लालवानी और विधायक रमेश मेंदोला अस्पताल पहुंचे। लोकार्पण के बाद अस्पताल पुरी तरह शुरू हो जाएगा। एक्सरे, एमआरआई, सोनोग्राफी जैसी जांचें यहां कम दामों में होगी। यहां आधुनिक लैब भी बनाई गई है। इसके अलावा एमबीबीएस कर चुके जूनियर डाक्टरों को बांड के तहत एक साल के लिए यहां इंटर्नशीप के लिए सरकार ने भेजा है।

## ब्रिक्स प्लस सिटी फोरम में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे महापौर पुष्यमित्र भार्गव

■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**



31अक्टूबर को दुबई में होने वाली ब्रिक्स देशों के ब्रिक्स प्लस सिटी फोरम सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव करेंगे। उन्हें इस सम्मेलन का को चेयरमैन नियुक्त किया गया है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने ब्रिक्स प्लस सम्मेलन में देश का नेतृत्व किया है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी उस सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए भारत की अर्बन सिटी के डेवलपमेंट पर चर्चा करेंगे। महापौर 30 अक्टूबर को दुबई के लिए रवाना होंगे। 31 अक्टूबर को दुबई में ब्रिक्स प्लस फोरम में शामिल होकर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए देश के सिटी डेवलपमेंट प्लान को अन्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ साझा करेंगे। साथ ही सम्मेलन में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने, सतत विकास पहल को बढ़ावा देने और सदस्य देशों के बीच आपसी सहयोग को प्रोत्साहित करने जैसे विषयों पर चिंतन किया जाएगा। सम्मेलन में भारत की तरफ से शामिल वाले एकमात्र प्रतिनिधि होंगे। इस सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के अलावा अन्य देशों को भी आमंत्रित किया गया है।

आपका अपना विश्वसनीय अखबार...
हमेशा आपके साथ
संभाग पोस्ट
आप हमसे अपनी समस्याओं को साझा कर सकते हैं
बगैर किसी खौफ के विडियो, फोटो,
दस्तावेज के माध्यम से हमारे वाट्सअप नम्बर पर
और संभाग पोस्ट के पाठक सदस्य भी बन सकते हैं...
एक वर्ष की सदस्यता लेने पर
अखबार फ्री... तीन विज्ञापन फ्री...
पाठक सदस्यता आईडी कार्ड फ्री...
न्यूज चैनल पर एक एड फ्री....
सम्पर्क 9009919948

## सुविचार

जीवन में सब्र और मेहनत की जरूरत होती है, भाग्य खुद चलकर आता है।

## संपादकीय

# बढ़ता शिक्षा निवेश

साल 2015 और 2024 के बीच भारत ने अपने सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) 4.1 से 4.6 प्रतिशत हिस्से का निवेश शिक्षा के क्षेत्र में किया है. अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार किसी देश को अपने जीडीपी का चार से छह प्रतिशत भाग शिक्षा पर खर्च करना चाहिए. वैश्विक शिक्षा निवेश से संबंधित यूनेस्को की एक हालिया रिपोर्ट में इस उपलब्धि के साथ-साथ यह भी रेखांकित किया गया है कि इस अवधि में कुल सार्वजनिक खर्च का 13.5 से 17.2 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा पर खर्च हुआ है. शिक्षा के संबंध में 2030 तक के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक की अपेक्षा है कि सरकारी खर्च देशों के बजट का 15 से 20 प्रतिशत होना चाहिए. भारत की यह उपलब्धि निश्चित रूप से उत्साहजनक है और आशा है कि आगामी वर्षों में इस निवेश में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी. उल्लेखनीय है कि विभिन्न कारणों से वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक निवेश में कमी आयी है. ऐसे में भारत में बढ़ता निवेश सरकार और निजी क्षेत्र की प्रतिबद्धता को इंगित करता है. साथ ही, यह वृद्धि यह भी दर्शाती है कि शैक्षणिक अवसरों की मांग बढ़ रही है तथा उसकी पूर्ति के भी प्रयास हो रहे हैं. निवेश दर के हिसाब से देखें, तो भारत इस मामले में अपने पड़ोसी देशों समेत चीन और जापान जैसी अर्थव्यवस्थाओं से बेहतर स्थिति में है. यूनेस्को की रिपोर्ट के निष्कर्ष इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं कि यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के क्रम में हो रहे प्रयासों की निगरानी का एक हिस्सा है. इन लक्ष्यों का उद्देश्य समावेश और समानता पर आधारित गुणवत्तापूर्ण विकास सुनिश्चित करना है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लक्ष्यों, चाहे वे शिक्षा से संबंधित हों या स्वास्थ्य, स्वच्छ ऊर्जा, पोषण, आवास, जल आदि के बारे में हों, के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता पर हमेशा बल दिया है. शिक्षा में बढ़ता निवेश बीते एक दशक में अर्थव्यवस्था में हुई प्रगति तथा विभिन्न सुधारों, कार्यक्रम एवं योजनाओं की सार्थकता को भी प्रतिबिंबित करता है. इस निवेश की यह भी एक विशेषता है कि इसमें स्थायित्व बना हुआ है. नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने का कार्य जारी है. केंद्र एवं राज्य सरकारें निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ाने के लिए भी प्रयासरत हैं. आगामी वर्षों में आर्थिक विकास की गति बनी रहेगी, ऐसे अनुमान हैं. हालिया रिपोर्टों से यह भी पता चलता है कि छात्र-छात्राओं का अधिक नामांकन हो रहा है और इसमें छात्राओं की स्थिति बहुत अच्छी है. ऐसे में शैक्षणिक निवेश में आगे भी वृद्धि होती रहेगी. साथ ही, पढ़ाई और परीक्षा तंत्र को दुरुस्त किया जाना चाहिए ताकि गुणवत्ता बढ़े. कौशल बढ़ाने तथा पाठ्यक्रमों को भविष्योन्मुखी बनाने की भी आवश्यकता है. ऐसे प्रयासों के लिए अधिक निवेश अपेक्षित है.

# नारकोटिक्स डीआईजी की कार को मारी टक्कर, ड्रायवर ने दर्ज कराया केस

**इंदौर। संभाग पोस्ट**

इंदौर में पदस्थ नारकोटिक्स डीआईजी महेशचंद्र जैन को दूसरी कार ने टक्कर मार दी। जिस वक्त हादसा हुआ। तब डीआईजी कार में ही सवार थे। टक्कर के बाद दूसरी कार के चालक के साथ ने डीआईजी की कार की हेडलाइट का शीशा टॉमी से फोड़ दिया। डीआईजी की कार के चालक ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है। घटना खजराना क्षेत्र की है। डीआईजी महेशचंद्र जैन अपने शासकीय वाहन में सवार होकर स्टार चौराहे की तरफ जा रहे थे। रेडिसन चौराहा क्रास करने के बाद उनकी कार को एक बलेनो कार ने ओवरटेक किया और आगे वाले हिस्से में टक्कर मार दी। डीआईजी के चालक सूरज यादव ने जब दूसरे कार चालक को रोका, तो वह नीचे उतरा और अपशब्दों का प्रयोग करने लगा। इस बीच उसके साथी ने टॉमी से कार की डेडलाइट का शीशा तोड़ दिया। इसके बाद कार चालक अपने साथी के साथ भाग गया। सूरज ने टक्कर मारने वाली कार का नंबर नोट कर लिया। अब पुलिस उस कार के चालक को नंबर के आधार पर खोज रही है। डीआईजी महेशचंद्र जैन इंदौर में कई पदों पर रह चुके है। छह माह पहले ही वे नारकोटिक्स डीआईजी बने।

# श्री केवल रामधाम ज्योतिष संस्था एवं अखिल भारतीय ज्योतिष महासम्मेलन का आयोजन होगा

## इंदौर भाजपा ( सांसद प्रतिनिधि ) डॉ. संतोष वाधवानी को दिया महासम्मेलन का न्योता



**इंदौर। संभाग पोस्ट**

केवल राम धाम ज्योतिष संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. प्रकाश गौड़ ने जानकारी देते हुए बताया संत श्री राजऋषि कलिकानंद जी महाराज देवी साधक जी के सानिध्य में ज्योतिष महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर के सर्वाधिक लोकप्रिय सांसद शंकर लालवानी जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे उक्त आयोजन 8 और 9 नवंबर 2024 समय प्रतिदिन 9:00 से शाम 6:00 तक स्थान श्री रुक्मिणी विट्ठल गार्डन पैलेस केसरबाग रोड पर किया जाएगा आयोजन में 300 से अधिक ज्योतिष एवं वास्तु से जुड़े जानकार अपनी निशुल्क सेवा प्रदान करेंगे।

# इंदौर के डॉ. जय परियानी को बेस्ट जोनल अध्यक्ष का अवार्ड

**इंदौर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा आयोजित मध्य प्रदेश कांक्लेव 2024 में इंदौर के जोनल अध्यक्ष डॉ जयकुमार परियानी को बेस्ट जोनल अध्यक्ष अवार्ड से सम्मानित किया गया है यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश के विदिशा शहर में दिनांक 26 27 अक्टूबर 2024 को आयोजित किया गया। डॉ जयकुमार परियानी जी की इस उपलब्धि पर इंदौर के अनेक डॉक्टर संगठन एवं सिंधी समाज के पदाधिकारी द्वारा उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी गई।**




# तिलक फायरवर्क्स पर उपलब्ध है पटाखों की कई वैरायटी

**इंदौर। संभाग पोस्ट**

इंदौर में दिवाली पर इस बार सबसे बड़ा थोक पटाखा मार्केट स्कीम नंबर 97 माँ विहार के पास तेजपुर गड़बड़ी पुल (राजेन्द्र नगर रोड़) रोड़ के पास खुला है, तिलक फायरवर्क्स के दिव्यम नीमा ने बताया कि व्यापार बहुत बढ़िया चल रहा है, रात्रि 3 बजे तक दुकानें खुली रहती है। दुकान में कई नामी गिरामी कंपनियों की वैरायटी के पटाखे हैं। यहां पटाखें बहुत ही वाजिब दामों पर उपलब्ध है और साथ ही म्यूजिकल शॉट, ग्रेडलैंड 5000 वाली स्कॉय शॉट पिककोक और बहुत सी वैरायटी उपलब्ध है। 9329495411 दिव्यम नीमा का नंबर है। किसी को भी शानदार वैरायटी के फटाके चाहिए तो इनसे तिलक फायर वर्क्स पर संपर्क कर सकते है। होम डिलेवरी के भी सुविधा बड़े ऑर्डर पर है सिर्फ इनकी दुकान पर है। एक बार सेवा का मौका अवश्य दें।






संभाग पोस्ट
[ महानगर पोस्ट ]
प्रत्येक मंगलवार
इंदौर, 29 अक्टूबर से 04 नवंबर 2024


# सिटीजन काप एप्लीकेशन (Citizen Cop Application) में प्राप्त शिकायतों पर क्राईम ब्रांच इंदौर पुलिस द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही





**■लगभग 25 लाख रूपये की कीमत के 102 गुम मोबाईल फोन आवेदकों को किये गये सुपुर्द।**
**■गुम मोबाईल मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों तथा भारत के अन्य प्रदेशो जैसे गुजरात, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ दिल्ली, पंजाब, बिहार, राजस्थान, उडीसा, हरियाणा, महाराष्ट्र, आदि से किये गए बरामद।**
**■आईफोन, वन प्लस, सेमसंग, रेडमी, विवों, ओप्पो, रियलमी आदि कम्पनियों के मंहगे मोबाईल फोन भी हुये बरामद।**
**■वर्ष 2024 से अभी तक कुल 871 गुम मोबाईल आवेदकों को किए गए सुपुर्द।**
**■शहर में बढ़ा है, Citizen Cop Application पर Online Complaint करने की ओर जनता का रूझान।**

**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

श्रीमान पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय/अपराध) श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन मे इंदौर क्राईम ब्रांच द्वारा संचालित की जा रही ''सिटीजन काप ' एप्लीकेशन पर प्राप्त शिकायतो पर त्वरित एवं उचित वांछनिय वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतू पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) इंदौर श्री राजेश कुमार त्रिपाठी एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) इंदौर श्री राजेश दंण्डोतिया (अपराध शाखा), सहायक पुलिस आयुक्त (सायबर) श्रीमती निलम कन्नौज़ को प्रभावी कार्यवाही करने हेतू निर्दशित किया गया था। उक्त निर्देशो के पालन मे अपराध शाखा (सायबर सेल) द्वारा सिटीजन काप एप्लीकेशन के गुम मोबाईल फोन की शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए वर्ष 2024 की शिकायतों का निराकरण कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गुम मोबाईल फोन जो कि इंदौर सहित देश के विभिन्न शहरो में चल रहे थें, जिन्हे क्राईम ब्रांच टीम द्वारा बरामद किया गया। कुल 102 मोबाईल फोन जप्त किये गये हैं जिसमें हजारों रूपयें की कीमत के मंहगे मोबाईल फोन शामिल हैं, बरामद मोबाईल फोन में 01 आईफोन, 12 वन प्लस, 07 सेमसंग, 11 ओप्पों, 28 वीवों, 21 रेडमी, 14 रियल मी, 01 पोको, 01 टेक्नो, 01 नोकिया, 04 मोटोरोला, 01 लावा कंपनियों के हैं।

इंदौर पुलिस क्राईम ब्रांच (Crime Branch ) द्वारा संचालित की जा रही ''सिटीजन काप एप्लीकेशन (Citizen Cop Application ) वास्तव में एक Phone Application है जिसे आमजन द्वारा Google Play Store के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है। इस एप्लीकेशन में प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों के संपर्क नम्बर के अलावा, अन्य महत्वपर्ण फीचर जैसे किसी घटना के संबंध में सीधे ऑनलाईन शिकायत अथवा पुलिस तक सूचना पहुंचाये जाने हेतु Report An Incident और किसी वस्तु चोरी अथवा गुम होने पर पुलिस में Online Complaint दर्ज कराये जाने हेतु Report Lost Article की सुविधा मुहैया कराई गई है।

Report Lost Article में मोबाईल फोन अथवा अन्य वस्तु के गुमने पर सीधे इस फीचर के माध्यम से पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई जा सकती है, जिसमें आवेदक को आनलाईन ही शिकायत क्रमांक सहित रिपोर्ट से संबंधित रसीद प्राप्त होती है, जिसका उपयोग वह मोबाईल में गुम हुई सिम को बंद कराने, अथवा नई सिम प्राप्त करने के लिये कर सकता है। इस कार्यप्रणाली की ऑनलाईन पद्धति होने से आवेदक को अब थाने अथवा अन्य कार्यालयों मे गुम मोबाईल का आवेदन नही देना होगा। आवेदक द्वारा की गई संपत्ति गुम/चोरी होने की शिकायत पर क्राईम ब्रांच इंदौर की सायबर सेल टीम द्वारा ऑनलाईन शिकायत के परिपेक्ष्य में पतारसी की जाती है, जिसके परिणामस्वरूप 102 मोबाईल फोन आवेदकों को सुपुर्द किये जा रहे हैं, जिससे आमजन में ऑनलाईन शिकायत के प्रति जागरूकता आए तथा यह विश्वास हो कि, ऑनलाईन शिकायत के माध्यम से भी उनकी गुम वस्तु प्राप्त हो सकती हैं। गुम मोबाईल फोन की शिकायतों मे कार्यवाही करते हुये यदि आवेदक का मोबाईल फोन गुम होने के बाद चलना नही पाया जाता हैं, या फिर किसी वजह से खराब हो जाता हैं तो ऐसी स्थिति में मोबाईल सर्च नही हो पाता हैं। मोबाईल फोन गुम होने के बाद अगर उपयोग नही किया जाता हो तो उसे ढुढंना सम्भव नही हैं।

“इंदौर पुलिस द्वारा आमजनता से यह अपील की जाती है कि ''सिटीजन कॉप' एण्ड्रायड फोन एप्लीकेशन का उपयोग कर आपराधिक गतिविधियों की सूचनायें तथा इससे संबंधित शिकायतें घर बैठे सीधे ऑनलाईन पद्धति के माध्यम से पुलिस तक पहुॅचाये। इससे न केवल आपके समय की बचत होगी, बल्कि आपकी शिकायतों अथवा सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही करने के लिये पुलिस को मदद मिलेगी।''

मोबाईल गुमनें/चोरी होने पर शिकायत करने हेतु नीचे दी गई प्रकिया से अपनी शिकायत दर्ज करें । (Process Of Complaint)

☐ प्ले-स्टोर से सिटीजन कॉप एप्प डाउनलोड करे।
☐ एग्री करें
☐ Report An Lost Article विकल्प का चयन करें एंव संपूर्ण फॉर्म में मांगी गई जानकारी भरें
☐ Imei नम्बर, अपना नाम एड्रेस, मोबाईल नम्बर आदि दर्ज करें एंव Complain No. सेव करें।

# राजबाड़ा में कारों की एंट्री बंद

## धनतेरस पर दो पहिया वाहन भी नहीं जा सकेंगे

**• इंदौर । विशेष प्रतिनिधि**

**इंदौर के ऐतिहासिक राजबाड़ा क्षेत्र में फोरव्हीलर की एंट्री को बंद कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र में भीड़ कम हो सके और सुरक्षा व्यवस्था बेहतर बनी रहे। टूव्हीलर को एंट्री की अनुमति दी गई है, लेकिन धनतेरस ( 29 अक्टूबर ) के दिन इसकी भी एंट्री बंद रहेगी।**

### व्यापारी इस निर्णय के विरोध में

व्यापारियों ने टूव्हीलर की एंट्री बंद करने के निर्णय का विरोध किया है। व्यापारियों ने काले कपड़े पहनकर इस कदम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस से मांग की कि टूव्हीलर की एंट्री बंद न की जाए। इस पर डीएसपी करण शर्मा ने व्यापारियों से बातचीत कर स्पष्ट किया कि यह प्रतिबंध सिर्फ धनतेरस के दिन ही लागू होगा, लेकिन जरूरत पड़ने पर टूव्हीलर की एंट्री अन्य दिनों में भी रोकी जा सकती है।

### फुटपाथ की दुकानों पर भी हो रही तकरार

इस दौरान व्यापारियों ने फुटपाथ दुकानदारों के कारण व्यापार पर पड़ने वाले असर का मुद्दा भी उठाया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने त्योहार के समय तक फुटपाथ पर अस्थायी दुकान लगाने की अनुमति दे दी है, जिससे व्यापारियों में असंतोष है। व्यापारियों का कहना है कि फुटपाथ पर लगने वाली इन दुकानों से उनकी बिक्री प्रभावित होती है।

## 61 साल पुराने रीगल ब्रिज पर निगम कर रहा नया प्रयोग

# दो लेन ब्रिज पर बना दिए पक्के डिवाइडर

**• इंदौर । विशेष प्रतिनिधि**

इंदौर में 61 साल पुराने रीगल ब्रिज पर नगर निगम ने नया प्रयोग शुरू कर दिया है। यहां पहले अस्थाई डिवाइडर बीते पांच सालों से लगे थे और अब वहां स्थाई तौर पर डिवाइडर बनाए जा रहे है। इसके लिए ब्रिज के मध्य हिस्से को खोदा भी गया है। इससे ब्रिज का वजन और बढ़ सकता है। 61 साल पुराने इस ब्रिज के कुछ हिस्से खतरनाक हो चुके है और दोनो पैदल सीढियां इस कारण बंद करना पड़ी। कुछ हिस्सों में सीमेंट का प्लास्टर उखड़ चुका है और सरिए भी दिखाई देने लगे है। छह माह पहले ही ब्रिज की नगर निगम ने मरम्मत की थी। रीगल ब्रिज इंदौर के नए और पुराने शहर के हिस्सों को जोड़ता है। यह दो लेन ब्रिज है। इस पर ट्रैफिक काफी बढ़ चुका है और यहां एक और ब्रिज बनाने की प्लानिंग की जा रही है। पुराने ब्रिज पर डिवाइडर रखने से हादसों का खतरा बढ़ सकता है, क्योकि कई बार ब्रिज पर दो पहिया वाहन ओवर टेक करते है और डिवाइडरों से टकराने का खतरा बना रहेगा। नगर निगम डिवाइडर पर पोल लगाकर विद्युत सज्जा भी करेगा। अस्थाई डिवाइडर होन के कारण ब्रिज फिलहाल बगैर अनुमति लगने वाले पैनर पोस्टरों से बचा रहता था, लेकिन स्थाई डिवाइडर और पोल लगाने के बाद यहां भी बैनर पोस्टर नजर आने लगेंगे। नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि पुराने ब्रिज पर पैसा खर्च करने के बजाए नए ब्रिज की प्लानिंग नगर निगम को करना चाहिए,क्योकि दो लेन ब्रिज ट्रैफिक के हिसाब से कम उपयोगी साबित हो रहा है।



संभाग पोस्ट

# पुष्य नक्षत्र की ग्राहकी से दमका बाजार, खूब बिके वाहन, सराफा बाजार में 150 करोड़ का कारोबार

**इंदौर। संभाग पोस्ट**

इंदौर में दीपावली त्योहार के कारण बाजार ग्राहकों से गुलजार हैं। गुरुवार को पुष्य नक्षत्र होने के कारण खूब ग्राहकी हुई। इस बार गुरु पुष्य नक्षत्र पर सर्वार्थ सिद्ध, अमृत सिद्ध, पारिजात, बुधादित्य और पर्वत योग भी था। इस दौरान शोरूमों और दुकानों में जाकर वाहनों और इलेक्ट्रानिक आयटमों की बुकिंग की। सराफा बाजार में 150 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। सोना और चांदी महंगी होने के बाद भी खरीदारी पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा। आटोमोबाइल सेक्टर में भी रौनक रही। इंदौर में 800 से ज्यादा कार व अन्य वाहनों की प्री बुकिंग हुई। अब ये वाहन धनतेरस या दीपावली पर ग्राहक ले जाएंगे। इस बार ईवी कारों की डिमांड भी ज्यादा नजर आ रही है।

शहर के परंपरागत बाजार राजवाड़ा, सराफा, एमटीएच कंपाउंड में सुबह से भीड़ नजर आई। व्यापारियों ने भी गुरुवार सुबह 10 बजे से ही संस्थान खोल लिए थे। सराफा बाजार में शगुन के रूप में सुबह ग्राहक सोना-चांदी खरीदने पहुंच गए थे। सराफा क्षेत्र में सजावट भी की गई और दुकानदार कई आफर भी दे रहे थे। सराफा में सोना गुरुवार को 80 हजार रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 98 हजार रुपये प्रति किलो बिके।

### पिछले साल सराफा में हुआ था 200 करोड़ का कारोबार

इंदौर में गुरु पुष्य नक्षत्र पर सराफा बाजार में करीब 150 करोड़ का कारोबार रहा। पिछले साल 200 करोड़ का कारोबार हुआ था। इस बार ग्राहकों ने कम वजन के आभूषण पसंद किए। उच्च वर्ग के ग्राहकों ने हीरे से बने जेवरों में ज्यादा रुचि दिखाई। ज्वेलरी कारोबार से जुड़े सुमित आनंद ने बताया कि इस साल होने वाले विवाह के लिए भी शुभ मुहूर्त में खरीदारी हुई। ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों की तरफ से अच्छा प्रतिसाद मिला।

### 800 से ज्यादा वाहन बिके

ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े प्रवीण पटेल ने बताया कि इंदौर में 800 से ज्यादा वाहन बिके। पेट्रोल और सीएनजी वाहनों की बिक्री भी अच्छी रही। 3000 से ज्यादा दोपहिया वाहन भी बिके। इस बार शेयर बाजार अभी नीचे है। शेयरों की खरीददारी का बेहतर समय मानकर नए निवेशक शेयर खरीदी में भी पैसा लगा रहे हैं।




# नए पुलिस कमिश्नर क्या बोले...

# नशा, सायबर क्राइम और महिला अपराध पर लगाएंगे अंकुश...!




**इंदौर। संभाग पोस्ट**

**इंदौर में नशा, ट्रैफिक जाम और साइबर अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। महिला अपराध के मामलों में भी तेजी से इजाफा देखा गया है। इन सबके बीच इंदौर को नए पुलिस कमिश्नर मिले हैं संतोष कुमार सिंह। वे इंदौर में डीआईजी के पद पर रह चुके हैं और इससे पहले उज्जैन में आईजी थे। उनके पहले इंदौर कमिश्नर रहे राकेश गुप्ता को मुख्यमंत्री का ओएसडी बनाया गया है।**

**प्र. नशे के कारोबार पर कैसे रोकथाम करेंगे।**

उ. नशे के कारोबार पर लगाम कसना हमारी प्राथमिकता है। पहले हम बेहतर पुलिसिंग सिस्टम डवलप करेंगे। पुराने अधिकारियों को इस विषय में बहुत सी जानकारियां हैं। उनके साथ पूरी योजना बनाकर काम किया जाएगा।

**प्र. ट्रैफिक को कैसे नियंत्रित करेंगे।**

उ. हम पहले देखेंगे कि क्या चुनौतियां हैं। यातायात के कई पहलू हैं। यह लगातार आगे बढ़ रहा शहर है। उसकी चुनौतियों को हर स्तर पर समझना होगा। सिर्फ पुलिस के दबाव से यातायात नहीं सुधरता। संस्थाओं के साथ ट्रैफिक सुधारने पर काम करेंगे और जनता को भी जागरूक करेंगे। ट्रैफिक नियमों के पालन और सुरक्षा से जुड़े मामलों में जनता को सीधी भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

**प्र. महिला सुरक्षा**

उ. महिला सुरक्षा हमेशा से ही प्राथमिकता का विषय है। हम तुरंत और प्रभावी कार्रवाई करेंगे। कोई कोताही नहीं हो इस पर ध्यान देंगे। यह जीरो टालरेंस का विषय है।

**प्र. कई पुराने अनसुलझे केस हैं, कैसे सुलझाएंगे?**

उ. पहले के कई बड़े मामले अनसुलझे हैं। इसमें हम प्राथमिकता तय करेंगे। कई मामले पारिवारिक होते हैं पर कई गंभीर आपराधिक होते हैं। इनमें आपराधिक मामलों को पहले सुलझाने का प्रयास करेंगे।

**प्र. सायबर अपराध सबसे बड़ी चुनौती है, इस पर नियंत्रण की क्या योजना है?**

उ. सायबर क्राइम सबसे बड़ी चुनौती है। हम नागरिकों से अनुरोध करेंगे कि सबसे पहले आपको जागरूक होना होगा। किसी भी तरह के अवांछित फोन पर बात न करें और ओटीपी देना, जानकारी देना जैसी गलतियां न करें। हम सायबर क्राइम के अपराधियों को तेजी से पकड़ रहे हैं पर जनता से निवेदन है कि वह सबसे अधिक जागरूक रहे।

**प्र. दीपावली पर किस तरह से शहर को सुरक्षा देंगे?**

उ. मैं पूरे पुलिस विभाग की तरफ से शहर की जनता को दीपावली की शुभकामनाएं देता हूं। त्योहार में ट्रैफिक जाम सबसे बड़ी चुनौती है। इसके लिए हम सभी विभागों से बात करके योजना बनाकर काम करेंगे। त्योहारों में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं आएगी। पूरा पुलिस विभाग जनता के लिए दिन रात तत्पर है।

**प्र. पुलिस जनसुनवाई से जनता दूर हो रही है, क्या करेंगे?**

उ. मैं जनता से कहना चाहता हूं कि बिना डरे पुलिस के पास शिकायत लेकर आएं। पुलिस जनसुनवाई में आएं और यदि आपको किसी भी तरह की परेशानी है तो वरिष्ठ अधिकारियों से बात करें। समय सीमा में ही हम जनता की परेशानियां सुलझाएंगे।

**प्र. पुलिस बल की बहुत कमी है, क्या योजना है?**

उ. इस पर लगातार काम किया जा रहा है। अब इस तरह की स्थिति नहीं है। इंदौर को लगातार पुलिस बल दिया जा रहा है। भर्ती प्रक्रिया तेजी से चल रही है और समय के साथ यह बेहतर होती जाएगी।

# प्रदेश के कर्मचारियों को मुख्यमंत्री का दिवाली गिफ्ट

# डीए में वृद्धि के साथ मिलेगा 10 माह का एरियर

**भोपाल। संभाग पोस्ट**

**दीपावली और मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के खास मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों को महंगाई भत्ते (डीए) में वृद्धि के रूप में उपहार दिया है। जनवरी 2024 से सभी शासकीय सेवकों को 50% की दर से डीए मिलेगा, जिसमें 10 माह का एरियर भी शामिल होगा। मुख्यमंत्री ने सभी को बधाई देते हुए इस अवसर पर अपने संदेश में प्रदेश के कर्मचारियों की मेहनत और उनके योगदान की सराहना की।**

मध्यप्रदेश में दीपावली और स्थापना दिवस से पहले, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य सरकार ने महंगाई भत्ते की दर में बढ़ोतरी का फैसला किया है, और यह जनवरी 2024 से 50% की दर से लागू किया जाएगा। इसके साथ ही, 10 माह के एरियर का भुगतान भी किया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने बताया कि मार्च 2024 में वित्त विभाग ने डीए में 46% की दर पर वृद्धि स्वीकृत की गई थी, जो 1 जुलाई 2023 से प्रभावी थी। हालांकि, अब इसे बढ़ाकर 50% कर दिया गया है, जो नए साल की शुरुआत से सभी शासकीय सेवकों को प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम इसे 1 जनवरी 2024 से लागू करेंगे ताकि कर्मचारियों को दीवाली के अवसर पर एक विशेष उपहार मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ भत्ता नहीं है, बल्कि प्रदेश के प्रति सेवा का भाव रखने वाले सभी कर्मचारियों के प्रति सरकार की एक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रदेश के कर्मचारियों को कड़ी मेहनत और लगन के लिए बधाई देते हुए कहा कि आपके समर्पण और सकारात्मक सोच से पूरे देश में एक विशेष पहचान बनी है। इस अवसर पर उन्होंने सभी से अपील की कि दीपावली के दौरान न केवल अपनी, बल्कि अपने आसपास के लोगों की भी सुरक्षा और खुशहाली का ध्यान रखें। उन्होंने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं, इस पर्व पर सबसे गरीब व्यक्ति के चेहरे पर भी खुशी आनी चाहिए। प्रदेश में प्रथम श्रेणी के अधिकारियों की संख्या लगभग 7640 है। महंगाई भत्ता बढ़ने से इन अधिकारियों के वेतन में 4924 से 5640 रुपए की वृद्धि होगी, वहीं 10 महीने का एरियर 49240 से 56400 रुपए तक बनेगा। द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों की संख्या 36605 है। इन अधिकारियों के वेतन में 2244 से 3196 रुपए तक की वृद्धि होगी और एरियर 22440 से 31960 रुपए तक बनेगा। तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों की संख्या प्रदेश में 483039 है। इनके वेतन में 780 से 1308 रुपए तक की वृद्धि होगी, जबकि एरियर 7800 से 13080 रुपए तक का बनेगा। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की संख्या लगभग 60141 है। इनके वेतन में 620 से 720 रुपए की वृद्धि होगी और एरियर 6200 से 7200 रुपए तक बनेगा।

# इंदौर रतलाम ट्रेन में आग, चीख पुकार मची, यात्रियों ने खेतों में भागकर बचाई जान

**इंदौर। विशेष प्रतिनिधि**

रविवार शाम को इंदौर से रतलाम आ रही डेमू पैसेंजर ट्रेन में एक गंभीर घटना घटित हुई, जब ट्रेन के इंजन से अचानक धुआं निकलने लगा। यह घटना प्रीतमनगर और रुनीजा रेलवे स्टेशन के बीच करीब शाम 5:15 बजे हुई। लोको पायलट ने तुरंत स्थिति का आकलन करते हुए ट्रेन को रोक दिया, जिससे यात्री भयभीत हो गए। अचानक ट्रेन रुकने और धुएं के कारण यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई, और उन्होंने अपने सामान के साथ खेतों की ओर भागना शुरू कर दिया। यह ट्रेन महू से रतलाम चलती है।

## रतलाम स्टेशन से 30 किमी पहले हुई घटना

यह ट्रेन डॉ. अंबेडकर नगर (महू) से रतलाम के बीच चलती है, और शाम 6:30 बजे रतलाम से भीलवाड़ा जाने वाली थी। घटना रतलाम स्टेशन से 30 किमी पहले ही हुई, जिससे यात्रियों की चिंता और बढ़ गई। यात्रियों के लिए यह स्थिति बहुत ही तनावपूर्ण थी, और उन्हें अपनी जान की चिंता हो रही थी। जब ट्रेन रुकी, तो लोको पायलट ने नीचे उतरकर देखा कि इंजन के नीचे से आग की लपटें उठ रही हैं। उसने तुरंत यात्रियों को ट्रेन से उतरने का निर्देश दिया, ताकि कोई भी व्यक्ति आग की चपेट में न आए। इस समय, आसपास के लोगों को जब इस घटना की जानकारी मिली, तो वे भी मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में सहायता करने लगे। जिस स्थान पर यह घटना हुई, वह रतलाम स्टेशन से लगभग 30 किमी दूर है। हालांकि, रेलवे के अंडर ब्रिज निर्माण के कारण फायर ब्रिगेड को घटनास्थल पर पहुंचने में कठिनाई हुई। इस दौरान, प्रीतम नगर के स्थानीय ग्रामीणों ने मदद के लिए आगे बढ़ते हुए खेतों से पाइप लगाकर पानी डालना शुरू किया। ग्रामीणों के प्रयासों से आग पर करीब एक घंटे में काबू पाया जा सका।

## नया इंजन भेजा गया

इस घटना के बाद, ट्रेन वहीं खड़ी रही, और यात्रियों को रतलाम पहुंचाने के लिए एक नया इंजन भेजा गया। रतलाम स्टेशन पर भी



यात्रियों के परिजन अपनी-अपनी ट्रेन का इंतजार करते दिखे, जबकि घटनास्थल पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने तेजी से कार्रवाई की। डीआरएम रजनीश कुमार भी मौके के लिए रवाना हो गए, ताकि वह स्थिति का जायजा ले सकें और यात्रियों को सही समय पर सहायता प्रदान की जा सके।

शुद्ध मावे की मिठाइयों के निर्माता एवं विक्रेता
श्री चारभुजा स्वीट्स एवं नमकीन
गुलाब जामुन, मावाबाटी, काला जामुन, रसगुल्ला इत्यादि
662/9, नेहरु नगर, अटल द्वार, इन्दौर
शाखा : 60, न्यू देवास रोड, राजकुमार ब्रिज, इंदौर

RAVI S. SAHU
Managing Director
+91-98260-77714
स्वाद का जादू-जागे घर घर...
रवि®
मसाले बस चुटकी भर...
मसाले एवं पापड़
RAVI HOME INDUSTRIES
12, Nirmal Nagar, Piplyahana, Indore - 452 001, Ph. : 0731-2490449
Web : www.ravihomeind.com | E-mail : ravisahurhi@gmail.com

त्रिगुण दास बौरासी
कुलदीप बौरासी
मो. 9405852932
लक्ष्मी आप्टीशियन
फोन : 0731–2545493
सभी प्रकार के नजर व धूप के चश्मे बनाए जाते हैं
352/2, पाटनीपुरा (भेरु मंदिर के पीछे) प्रिंस टेलर के बीच वाली गली में, इंदौर

रामसेवक दुबे
9406621084
CBCE स्कूल बुक्स
चिल्ड्रन बुक्स
ऑफिस स्टेशनरी
कम्प्यूटर स्टेशनरी
स्कूल स्टेशनरी एवं
गिफ्ट आयटम
पूजा बुक्स एण्ड स्टेशनर्स
6/3, सुंदर अपार्टमेन्ट, क्लर्क कालोनी चौराहा, श्री सत्य सांई बाल विनय मंदिर के सामने, इन्दौर मो

॥ श्री गणेश ॥ ॥ जय माँ भगवती ॥
सेवक राम केवट (छोटू उस्ताद)
मो. 9826012658, 9131711406
माँ नर्मदा केटरर्स
107, नार्थ मुसाखेड़ी, अजयबाग कॉलोनी, इन्दौर
शादी, पार्टी, पिकनिक, जन्मदिन पर कच्ची एवं पक्की रसोई की सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु सम्पर्क करें।

अनुप यादव 9617246247
अमन यादव 7773007307 8770131488
सावित्री हार्डवेयर
सेनेटरी एण्ड पेन्ट्स
SKIPPER ASTRAL PIPES KISAN asianpaints
92 हीरा नगर MR-10 मेन रोड, इन्दौर (म.प्र.)

# पति-पत्नी के पारिवारिक मुकदमों को क्या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुना जाना चाहिए' विषय पर सेमिनार आयोजित

**( एडवोकेट पंकज वाधवानी ने सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट के माध्यम से समझाया )**
**तकनीकी का उपयोग न्यायालय की गुणवत्ता को कम ना करें-सुप्रीम कोर्ट**

■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**

पारिवारिक मामलों में तकनीक का इस्तेमाल भावनात्मक बातों को समाप्त कर देती है तथा न्याय की गुणवत्ता भी इससे प्रभावित होती है। सैंथिनी बनाम विजय वेंकटेश मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह सवाल उठाया था कि क्या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वैवाहिक विवादों (Matrimonial Disputes) का प्रभावी समाधान किया जा सकता है। संस्था न्यायाश्रय द्वारा आयोजित परिचर्चा को संबोधित करते हुए एडवोकेट एवं विधि विशेषज्ञ पंकज वाधवानी ने जानकारी दी की इस फैसले में यह समझने की कोशिश की गई कि अगर अदालत किसी मामले को दूसरे क्षेत्र में स्थानांतरित (Transfer) करने के बजाय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का उपयोग करे, तो इससे न्यायिक प्रक्रिया पर क्या असर पड़ेगा। कोर्ट ने इस बात पर भी चर्चा की कि ऐसे मामलों में भावनात्मक (Emotional) पहलू को कैसे ध्यान में रखा जा सकता है।

एडवोकेट पंकज वाधवानी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 (Hindu Marriage Act, 1955) और परिवार न्यायालय अधिनियम, 1984 (Family Courts Act, 1984) के प्रावधानों का विश्लेषण किया। हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 19 (Section 19), जो क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र (Territorial Jurisdiction) से संबंधित है, पर विशेष रूप से चर्चा की गई।परिवार न्यायालय अधिनियम की धारा 11 (Section 11) के अनुसार, यदि कोई भी पक्ष चाहे, तो अदालत को मुकदमे को इन-कैमरा (In-Camera) यानी निजी रूप से सुनना आवश्यक है, ताकि गोपनीयता (Confidentiality) बनी रहे। इन प्रावधानों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ऐसे मामलों में संवेदनशीलता (Sensitivity) के साथ न्याय किया जाए।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की उपयुक्तता

फैसले में यह सवाल उठाया गया कि क्या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, मुकदमों को व्यक्तिगत रूप से सुनने का विकल्प बन सकती है। Krishna Veni Nagam yeveece Harish Nagam (2017) मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया था कि अगर पति-पत्नी अलग-अलग शहरों में रहते हैं, तो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का उपयोग एक व्यवहारिक समाधान हो सकता है। लेकिन Santhini मामले में अदालत ने यह चिंता जताई कि सुलह (Reconciliation) की कोशिशें, जो ऐसे मामलों में महत्वपूर्ण होती हैं, व्यक्तिगत बातचीत के बिना प्रभावी नहीं हो सकतीं।

एडवोकेट पंकज वाधवानी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय में यह भी कहा गया है कि परिवार न्यायालयों (Family Courts) का उद्देश्य केवल विवादों का निपटारा करना नहीं है, बल्कि पति-पत्नी के बीच सुलह के प्रयास करना भी है। यह तभी प्रभावी हो सकता है जब दोनों पक्ष व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित हों, ताकि जज और परामर्शदाता (Counselors) उनकी भावनाओं और हाव-भाव (Body Language) को समझ सकें।



**पंकज वाधवानी, हाई कोर्ट एडवोकेट**
**मोबाइल नंबर-9827396423**

---

# बस, ट्रेन से लेकर बाजारों तक भीड़, दीपावली के पहले आए संडे पर लोगों ने खूब की खरीदारी

■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**

रविवार को इंदौर के बाजारों में भीड़ ही भीड़ नजर आई। आमतौर पर संडे को इंदौर के बाजार बंद रहते है, लेकिन दीपावली त्यौहार के पहले आए संडे को दुकानें भी खुली थी और शहरवासी भी सामान खरीदने के लिए सुबह से निकले। दुकानें सुबह दस बजे ही खुल गई थी। रात 12 बजे तक बाजारों में भीड़ रही। इसके अलावा त्यौहार के पहले नौकरीपेशा अपने घरों तक जाने के लिए भी भीड़ के बीच ट्रेन और बसों में सफर कर रहे है। रविवार को आम दिनों की अपेक्षा रेलवे स्टेशन पर भीड़ ज्यादा थी। ट्रेनें भी खचाखच भरकर जा रही थी। इंदौर से मुंबई, पुणे की ट्रेनों का किराया भी बस संचालकों ने बढ़ा रखा दिया,क्योंकि जिन्हें ट्रेनों में रिजर्वेशन नहीं मिल रहा है। वे बसों से अपने घरों के लिए रवाना हो रहे है। त्यौहार को देखते हुए रेल विभाग ने कुछ शहरों के लिए स्पेशल रेलगाड़ियां भी संचालित की है। इंदौर में सबसे ज्यादा भीड़, दिल्ली, बिहार और उत्तर प्रदेश की ट्रेनों में नजर आ रही है।

## राजवाड़ा के आसपास वाहन पार्क कर पैदल पहुंचे लोग

त्यौहार को देखते हुए अगले पांच दिनों के लिए राजवाड़ा क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया है। रविवार को शहरवासी परिवार सहित सामान खरीदने राजवाड़ा पहुंच चुके थे। लोगों ने कृष्णपुरा छत्री, शिवाजी मार्केट की तरफ वाहन खड़े किए और राजवाड़ा की दुकानों पर पैदल पहुंचे। फुटपाथों पर पूजन सामग्री और सजावट का सामान बेच रहे लोगों से भी शहरवासियों ने सामान खरीदे।

# किराए के लाइसेंस पर पटाखा बेचने वालों की खैर नहीं

## इंदौर कलेक्टर ने निरीक्षण कर दिए ये निर्देश

■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**

मध्य प्रदेश के कई जिलों में पटाखा दुकान संचालित करने के लिए माफियाओं द्वारा अस्थाई रूप से लाइसेंस किराए पर दे दिया जाता है. ऐसे में इस तरह की शिकायत मिलने के बाद अब जिला प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू की है. इंदौर में यह देखने को भी मिल रहा है. इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा दुकानों पर लाइसेंस की जांच की जा रही है. दरअसल, पटाखा दुकान संचालित करने के लिए अस्थाई रूप से लाइसेंस की आवश्यकता होती है. यह लाइसेंस जिला प्रशासन द्वारा दस्तावेज कार्रवाई पूरा होने पर उपलब्ध कराया जाता है. कई लोग प्रक्रिया को पूरा नहीं कर पाते हैं, इसलिए वो दूसरों से लाइसेंस किराए पर ले लेते हैं. इसके लिए 10 से 15 हजार रुपये की वसूली की जाती है. बता दें लाइसेंस का स्थानांतरण नहीं हो सकता है. इसके अलावा यदि बिना



लाइसेंस के दुकान संचालित की जाए तो जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा सकती है. इसी बात को ध्यान में रखते हुए इन दिनों माफिया सक्रिय हो जाते हैं. इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि पटाखा बाजार में किराए के लाइसेंस पर व्यापार करने की शिकायत मिली थी, जिसके बाद दल गठित करते हुए जांच करवाई जा रही है. दुकान पर मौजूद लोगों के नाम पते लिखे जा रहे है. इसके अलावा लाइसेंस से उनका मिलान भी किया जा रहा है. यदि लाइसेंस किराए पर देकर व्यापार करवाया जा रहा है, तो यह गलत है. ऐसे लोगों के लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे.

## दुकानों के बीच पटाखा रखने पर बैन

इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि दो दुकानों के बीच पटाखे रखना प्रतिबंधित है. दुकानों के बीच थोड़ी दूरी रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आपातकालीन स्थिति में बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके. इंदौर में एसडीएम विनोद राठौर, तहसीलदार नारायण नांदेड़, एडिशनल एसपी रुबीना बिजवानी सहित अधिकारियों ने पटाखा दुकानों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए.

# न तो मावा और न ही घी शुद्ध, 300 किलो नकली मावे के बाद अब 150 लीटर अमानक स्तर का घी जब्त

■ **उज्जैन । संभाग पोस्ट**

दीपावली नजदीक आते ही उज्जैन में मिलावटखोरी के मामले सामने आने लगे हैं। खाद्य विभाग की टीम ने फव्वारा चौक स्थित महावीर इंटरप्राइजेस पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में अमानक स्तर का घी जब्त किया है। इस नकली घी को असली बताकर ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा था। जानकारीके अनुसार फव्वारा चौक स्थित महावीर इंटरप्राइजेस पर खाद्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए करीब 150 लीटर अमानक स्तर का घी जब्त किया है। यह घी इंदौर से एक्सपोर्ट किया जा रहा था और राजस्थान के अलवर में रुद्रांश ब्रांड नाम से बनाया जा रहा था। बाजार में असली घी का मूल्य करीब 700 रुपये प्रति लीटर है, जबकि यह मिलावटी घी 340 रुपये प्रति लीटर में खरीदा गया और दुकानों पर 400 रुपये प्रति लीटर के दाम पर बेचा जा रहा था। हैरानी की बात यह है कि इस घी के डिब्बे पर 'सेहत का ख्याल' का स्लोगन लिखा था, जबकि यह नकली घी स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक बताया जा रहा है। खाद्य अधिकारी बीएस देवलिया ने बताया कि असली घी तैयार करने में कम से कम 500 रुपये का खर्च आता है। मुनाफा जोड़कर बेचा जाए तो 600 रुपये प्रति किलो से कम दाम पर असली घी मिलना मुश्किल है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि रुद्रांश ब्रांड का घी 340 रुपये प्रति किलो कैसे बिक रहा था। विभाग की छापेमारी में यह खुलासा हुआ कि इस काले कारोबार के तार इंदौर और राजस्थान से जुड़े हैं। जांच के लिए इसका सैंपल लिया गया है। फूड डिपार्टमेंट की ओर से महावीर किराना स्टोर पर छापा मारा गया, जहां से डेढ़ सौ किलो घी बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि यह घी राजस्थान से इंदौर के जरिए उज्जैन पहुंचा था। फूड डिपार्टमेंट के अधिकारी बसंत शर्मा ने आशंका जताई है कि इसमें मिल्क फैट के अलावा अन्य फैट भी शामिल हो सकता है। इसका सैंपल भी जांच के लिए भेजा जा रहा है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अब इंदौर जिला प्रशासन को भी इसकी सूचना दी जा रही है।

## राजस्थान के अलवर में तैयार हुआ नकली घी!

रुद्रांश घी ने केंद्र सरकार का इएऍि लाइसेंस भी ले रखा था। अधिकारियों ने बताया कि यह घी राजस्थान के अलवर में तैयार हो रहा था, जो इंदौर होते हुए उज्जैन पहुंचा। दुकान के संचालक राजेंद्र जैन ने बताया कि वे एक साल से यह घी बेच रहे हैं।

# ट्रेनिंग के बाद रोजगार पक्का, मध्य प्रदेश सरकार के इस प्रोजेक्ट से बदल जाएगी युवाओं की तकदीर

■ **भोपाल । संभाग पोस्ट**

मध्य प्रदेश सरकार ग्रामीण युवाओं के लिए एक नई राह लेकर आ रही है। सरकार के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग ने 'यूनिवर्सल सोशल एंगेजमेंट प्रोग्राम' नामक एक पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत की है, जो युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उनके समग्र विकास में सहायक सिद्ध होगा। इसका पहला चरण राजगढ़ जिले के संडावता गांव में शुरू किया गया है। इस प्रोजेक्ट के तहत युवाओं को उनकी रुचि के अनुसार प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार या नौकरी के लिए सक्षम बनाया जाएगा। यह प्रोजेक्ट न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर देगा, बल्कि संपूर्ण गांव का विकास सुनिश्चित करेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक समृद्धि का नया अध्याय शुरू होगा।

### युवाओं को तकनीकी रूप से किया जाएगा दक्ष

प्रोजेक्ट के पहले चरण के लिए राजगढ़ जिले के संडावता गांव का चयन किया गया है, जहां 18 वर्ष से अधिक उम्र के लगभग एक हजार युवक-युवतियों की प्रोफाइलिंग की जाएगी। उन्हें उनकी शैक्षणिक, आर्थिक स्थिति के आधार पर रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु ट्रेनिंग दी जाएगी। इस प्रयास में, ग्रामीण युवाओं की तकनीकी दक्षता बढ़ाने और उन्हें स्थायी रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य है। संत शिरोमणि ग्लोबल स्किल पार्क के डायरेक्टर जेएन अग्रवाल ने बताया कि इस प्रोग्राम में सभी युवाओं का डेटा एकत्रित करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है। यह पोर्टल समग्र पोर्टल से जुड़ा रहेगा, जिससे प्रत्येक युवा की शिक्षा, आर्थिक स्थिति, और प्रशिक्षण आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। इस डेटा के आधार पर युवाओं को उनकी पसंद के अनुसार तकनीकी शिक्षा, स्वरोजगार, खेती-बागवानी, या अन्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण और लोन के प्रोजेक्ट बनाने में भी मदद की जाएगी।

### गांव की भी बदलेगी तस्वीर

संडावता गांव के सामुदायिक विकास को ध्यान में रखते हुए, पेयजल, सिंचाई, सड़कों की स्थिति और स्थानीय उत्पादन की मार्केटिंग जैसी गतिविधियों पर ध्यान दिया जाएगा। यह एक पायलट प्रोजेक्ट है, लेकिन भविष्य में इसे राज्य के अन्य जिलों और गांवों में भी विस्तार किया जाएगा।

### हर माह के पहले सोमवार को ग्राम सभा

प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए हर माह के पहले सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की देखरेख में सर्वे, प्रशिक्षण और रोजगार संबंधित कार्यों की प्रगति पर नजर रखी जाएगी।

### युवाओं को रूचि के अनुसार मदद करेगी सरकार

कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने बताया कि यह योजना युवाओं को उनकी रुचि के अनुसार प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का एक प्रयास है। इससे ग्रामीण युवाओं को स्थानीय और बाहरी बाजारों में रोजगार के अवसर मिलेंगे और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।



# भिलाला समाज लैंड जेहाद, धर्मांतरण से बचें

## सीएम मोहन यादव बोले- दुश्मन भोलेपन का फायदा उठाता है





■ **इंदौर। संभाग पोस्ट**

इंदौर में आयोजित भिलाला समाज के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि भिलाला समाज हर चुनौती का सामना करता है और आनंद और निर्भीकता के साथ रहता है। समाज की परिश्रमी संस्कृति मायने रखती है। कुरीतियों के खिलाफ समाज अभियान चला रहा है।समाज का भोलापन, बांकपन विशेषता है और कमजोरी भी है। दुश्मन इस भोलेपन का फायदा उठाता है और लैंड जेहाद, धर्मांतरण को बढ़ावा देता है। समाज इससे बचे। उन्होंने कहा कि समाज का समय बदल रहा है, लेकिन संस्कार भी कायम रहना चाहिए। आगे बढ़े लेकिन जड़ों से जुड़े रहे।

### इंदौर मनमाड़ लाइन जिंदगी बदलने का गेटपास

मुख्यमंत्री ने कहा इंदौर-मनमाड़ लाइन जिंदगी को बदलने के गेट पास है। भविष्य में दिल्ली मुंबई के रास्ते बदल जाएंगे। नए ट्रेन रुट विकास के नए रास्ते खोल रहा है। इससे आदिवासी अंचल को फायदा होगा।

### आदिवासी समाज की संस्कृति सहेज रही सरकार

भिलाला समाज के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपरा को सरकार भी सहेज रही है।



हमारा समाज शस्त्र पूजन को महत्व देता है। मुख्यमंत्री ने सभी मंत्री जनप्रतिनिधियों को शस्त्र पूजन करने को कहा। समाज के महापुरुषों को सरकार ने पहचान दी है। मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि समाज में कई कुरीतियां भी हैं। समाज में नशे का सेवन हो रहा है। हम समाज में नशा मुक्ति अभियान चलाएंगे, ताकि हमारा समाज समृद्ध बने। कार्यक्रम में सांसद अनिता चौहान, गजेंद्र पटेल, रंजना बघेल,विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला सहित अन्य नेता मौजूद थे। लोक गायक आनंदी लाल भावेल ने कई गीत भी सुनाए।

### कांग्रेस समय के साथ चलना नहीं चाहती

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर यात्रा के दौरान पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन चलाना सीखे, समझे, नए खून को मौका दे। मैंने तो कार्यकारिणी देखी। सत्रह उपाध्यक्ष और पचास महासचिव बना दिए। ऐसा कभी नहीं होता। महासचिव कम होते हैं और उपाध्यक्ष ज्यादा। कांग्रेस समय के साथ चलना नहीं चाहती। कांग्रेस के काम करने का ढंग के कारण ही वह पतन की तरफ जा रही है। यह उनके संगठन की अंदरूनी राजनीति है, लेकिन राजनीति में समझदारी चाहिए, जो कांग्रेस में नजर नहीं आती। हम तो विपक्ष को भी दमदार देखना चाहते हैं। मैं तो चाहता हूं कि कांग्रेस अपनी इस कार्यकारिणी को भंग करे और अच्छे लोगों को मौका दे।

# Love Jihad: अमन गुप्ता के नाम से हिंदू युवतियों को फंसाता था अमान खान




■ **इंदौर। संभाग पोस्ट**

इंदौर में एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। अमान खान का एक युवक पकड़या है जो हिंदू युवतियों को अमन गुप्ता के नाम से फंसाता था। वह युवतियों को फंसाकर उनका शारीरिक और आर्थिक शोषण करता था। युवक छतरपुर का रहने वाला है और पिछले कुछ समय से इंदौर में रह रहा है। इंदौर की लड़कियों को निशाना बनाता था।

### कैसे पकड़ाया अमान खान

हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक राजकुमार टेटवाल को सूचना मिली की अमान खान नाम का युवक हिंदू युवतियों को बहला फुसलाकर उनका शोषण कर रहा है। वह हिंदू बनकर रहता है और मंदिर जाने, हाथ में कलावा बांधने जैसे ढोंग भी करता है। इस सूचना पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता बजरंग नगर के बड़ी भमोरी में पहुंचे। यहां अमान को पकड़ा और उससे पूछताछ की। पहले उसने अपना नाम अमन गुप्ता बताया। जब हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना नाम मोहम्मद अमान खान बताया।

### कई लड़कियों के फोटो वीडियो मिले

टेटवाल ने बताया कि इंदौर में लव जिहाद थ्दन र्व्ए के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। वह इंदौर में विगत दो साल से रह रहा है। उसने एक साल से इंदौर के बजरंग नगर के एक फ्लैट में एक हिंदू युवती को भी रखा हुआ है। युवती के माता पिता को इसकी कोई जानकारी नहीं है। उसने फ्लैट में हर जगह अपने हिंदू होने के फोटो लगा रखे हैं। अपने हाथ में कलावा भी बांधता है और हिंदू युवतियों के साथ में मंदिर भी जाता है। टेटवाल ने बताया कि वह हिंदू युवतियों को बहला फुसलाकर उनका धर्म परिवर्तन करवाता है और उनका शारीरिक शोषण करता है। टेटवाल ने बताया कि अमान के मोबाइल में कई लड़कियों के फोटो वीडियो मिले हैं। पुलिस को पूरी चीजें सौंप दी गई हैं।

### एक सप्ताह में कंपनी में लव जिहाद का पांचवां मामला

टेटवाल ने बताया कि बिलिएंट कन्वेंशन में स्थित निजी टेलीकालिंग कंपनी में एक सप्ताह में ही लव जिहाद का यह पांचवां मामला आया है। अमान भी इसी कंपनी में काम करता था। हमने पुलिस को कंपनी की भी पूरी जानकारी सौंपी है। यदि कंपनी में इसी तरह लव जिहाद के मामले सामने आएंगे तो संगठन के द्वारा बड़ी कार्रवाई की जाएगी। पूरे हिंदू समाज को एकत्रित करके हम कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। टेटवाल ने बताया कि अमान खान को हीरा नगर थाने में सौंप दिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। अमान को पकड़ने में हिंदू जागरण मंच के राजेश कुशवाह, मानसिंह राजावत, तपन भोरजार, कपिल कौशल, प्रथम गौर, मयंक और अन्य कार्यकर्ताओं को सहयोग रहा।

# महिला कॉन्स्टेबल फंसी: बंद कार में छेड़ने लगा, चिल्लाई तो कर दी वारदात, सुनसान इलाके में दब गई आवाज

■ **इंदौर। संभाग पोस्ट**

इंदौर में महिला कॉन्स्टेबल से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है, जिसमें पुलिस के रेडियो विभाग में तैनात हेड कॉन्स्टेबल सुखदेव पर महिला पुलिसकर्मी के साथ अनुचित व्यवहार करने का आरोप है। घटना 21 अक्टूबर की रात की है, जब सुखदेव ने पीड़िता को सुनसान इलाके में ले जाकर उसके साथ अशोभनीय हरकतें की। घटना के बाद पीड़िता ने भंवरकुआ थाने में शिकायत दर्ज कराई है, और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

### माता पिता को छोड़ने के बहाने काम में बैठाया

भंवरकुआ थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि पीड़िता 30 वर्षीय महिला कॉन्स्टेबल है और दूसरी पलटन इलाके में रहती है। 21 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे उसके माता-पिता को दीवाली के लिए गांव जाना था। सुखदेव, जो उसी कॉलोनी में रहता है, उसने कहा कि वह उन्हें कार से बस स्टैंड छोड़ देगा ताकि वे बस पकड़ सकें। महिला कॉन्स्टेबल और उसके माता-पिता सुखदेव की कार में बैठकर सरवटे बस स्टैंड पहुंचे, जहां उन्होंने महाराष्ट्र जाने वाली बस में माता-पिता को बैठा दिया। इसके बाद वह सुखदेव के साथ उसी कार में घर लौटने लगी।

### रोमांटिक बातें करने लगा

घर लौटते समय सुखदेव ने कार को सीधे घर की ओर न ले जाकर चिड़ियाघर की ओर मोड़ लिया। जब पीड़िता ने रास्ते के बारे में पूछा तो उसने कहा कि उसे थोड़ा काम है, जिसे निपटाते हुए वे घर पहुंचेंगे। पीड़िता ने इस पर विश्वास कर लिया और साथ चलने को राजी हो गई। कुछ देर बाद सुखदेव ने कार को भंवरकुआ की ओर मोड़ दिया। पीड़िता ने फिर से रास्ते के बारे में पूछा, तो सुखदेव उसे बातों में उलझाने लगा और फिर कहा कि वह उसे नया ब्रिज दिखाना चाहता है। इसके बाद उसने पीड़िता के साथ रोमांटिक बातें शुरू कर दीं।

### कार बंद करके छेड़ने लगा

पीड़िता ने विरोध करते हुए मना किया, तो सुखदेव ने कार को एक सुनसान इलाके में खड़ा कर दिया। इसके बाद उसने कार के कांच बंद कर दिए और अनुचित तरीके से पीड़िता को छूने लगा। पीड़िता के चिल्लाने पर सुखदेव ने तुरंत कार को फिर से चालू किया और तेजी से उसे वापस घर छोड़ दिया। घर पहुंचने के बाद पीड़िता ने पूरी घटना अपने भाई-भाभी को बताई।

### दोनों एक दूसरे को जानते थे

अगले दिन शनिवार को पीड़िता ने भंवरकुआ थाने जाकर सुखदेव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी राजकुमार यादव के अनुसार, आरोपी और पीड़िता पहले से एक-दूसरे को जानते थे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन आरोपी की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत अवैध मादक पदार्थ (गांजा) की तस्करी करने वाला आरोपी, क्राईम ब्रॉंच इंदौर की कार्यवाही में गिरफ्तार

## बुरहानपुर जिले के आरोपी के कब्जे से 11 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा (कीमत करीब 1 लाख 18 हजार रू), 01 मोबाइल, 01 मोटर साइकिल जप्त

## आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में अवैध मादक पदार्थ बुरहानपुर से लाकर इंदौर में सप्लाई करना कबूला जिसकी जांच की जा रही है।




■ **इंदौर। संभाग पोस्ट**

शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्वाई के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में क्राईम ब्रांच टीम के द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ के क्रय–विक्रय व इनकी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे गोपनीय रुप से लगातार आसूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है ।

इसी तारतम्य में क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा फरार आरोपियों एवं मादक पदार्थ तस्करों को चेक करने हेतु क्षेत्र में रवाना होकर संजना पार्क पॉवर ग्रीड के पास RE 2 रोड पर पहुंचे जहां एक व्यक्ति मोटर साइकिल पर यूरिया की एक बोरी लेकर संदिग्ध बैठा दिखा, जिससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम (1). दूरसिंह पिता हुसनिया डाबर निवासी दाहिनाला जिला बुरहानपुर (म.प्र) का होना बताया, आरोपी के बोरे की नियमानुसार तलाशी लेने पर बोरे में करीब 11 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला, जिसके संबंध में कोई उचित उत्तर नहीं दिया। आरोपी के कब्जे से 11 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा (कीमत करीब 1 लाख 18 हजार रू), 01 मोबाइल, 01 मोटर साइकिल जप्त कर, आरोपी के विरुद्ध थाना क्राइम ब्रांच पर अपराध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है, जिसके आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।

संदीप पवार
Mob :-98260-68380
KP
॥ श्री गणेशाय नमः॥
न्यू नर्मदा ट्रेडर्स
सीमेन्ट
बालू रेती
काली रेती, गिट्टी
ईंट एवं बिल्डिंग मटेरियल के विक्रेता
4, मंगलनगर, आई.टी.आई. रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, पेट्रोल पम्प के पहले, इन्दौर (म.प्र.)

राहुल जनरल स्टोर्स
शॉप नं. 3 मालवा मिल चौराहा, इंदौर
मो. 9977732802

डॉ. हिमांशु केलकर
एम.डी., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
मो. 9202238451
क्लिनिक: 20 जी/एच., गीतांजलि अपार्टमेन्ट, मार्केट रोड, विजय नगर
स्कीम नं. 54, इंदौर (म.प्र.) Email : himanshukelkar@rediffmail.com
समय : प्रातः 10.30 से 1.30 बजे, सायं 5.30 से 8.30 बजे तक
निवास : 7-बी, शालीमार टाउनशिप, ए.बी. रोड, इंदौर

चेतन टेलर्स
(सूट स्पेशलिस्ट)
सुनिल खटके
मो. 9893118079
30/1.परदेशीपुरा, शिवधाम के सामने, इंदौर

कार्यालय पता: 201, दूसरी मंजिल, इंदौर प्रेस क्लब परिसर, एम.जी. रोड, (जिला न्यायालय के सामने), इंदौर (म.प्र.),
स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक नवीन गलकर द्वारा अपनी दुनिया प्रिंटर्स, 13 प्रेस काम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-119, वीणा नगर, सुखलिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादकः नवीन गलकर, मो. 9009919948